वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान में मनाये गये हिन्दी दिवस की रिपोर्ट

वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर में वर्ष 2012-13 के लिये 11 अक्टूबर 2012 को हिन्दी दिवस समारोह मनाया गया। इस समारोह में सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उमंग-उत्साह से भाग लिया। हिन्दी दिवस समारोह के इस सुअवसर पर हिन्दी के प्रयोग में बढावा देने हेतु सभी कर्मचारियों के लिये 20-27 सितम्बर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने हर्षोल्लास से भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताएँ इस प्रकार हैं:

1. *सारांश साफ्टवेयर की सहायता से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता*
2. *प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता*
3. *निबन्ध लेखन प्रतियोगिता*

इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में हिन्दी शिक्षण योजना, कोयम्बत्तूर से हिन्दी प्रोफेसर श्री हरिगणेश जी को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम डाँ. बी.गुरुदेव सिंह, हिन्दी अध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया । फिर डाँ. वि.कु.वा. बाचपई, हिन्दी नोडल अधिकारी ने सभी के समक्ष हिन्दी वार्षिक रिपोर्ट पेश किया। उसके बाद समूह सामान्य सहायक के द्वारा अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने जीवन में हिन्दी एवं अन्य भाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर सुन्दर भाषण दिये।

प्रतियोगिताओं में विजय हुए विजेताओं को मुख्य अथिति ने पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया और प्रोत्साहित भी किया। फिर मुख्य अथिति ने अपने कमल वचनों से सभी को हिन्दी के महत्व का ज्ञान कराया और हिन्दी के कार्यान्वयन को

और आगे बढाने के लिये सभी को प्रोत्साहित करने के साथ आगे बढने की शुभ कामनाएँ भी दी। अन्त में पूंगोदै कृष्णान, हिन्दी अनुवादक ने सभी को धन्यवाद देकर इस कार्यक्रम को सफल रीति से सम्पन्न किया।

हिन्दी दिवस समारोह के दौरान लिये गये कुछ छायाचित्र

सभी का स्वागत करते हुए

हिन्दी वार्षिक रिपोर्ट पढते हुए

अध्यक्षीय भाषण देते हुए

मुख्य अथिति का भाषण

मुख्य अथिति को मोमेन्टो देते हुए

सभी को धन्यवाद देते हुए

पुरस्कार लेते हुए कुछ छायाचित्र